



आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-101 कटनी ● शुक्रवार, 14 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष -3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935




## खौफनाक तस्वीर



# बारिश से हटी बालू तो हर ओर दिखीं लाशें

## यूपी में उन्नाव के बक्सर घाट की तरह ही शिवराजपुर का खेरेश्वर घाट भी सैकड़ों लाशों से अटा पड़ा

**उन्नाव।** यहां के बक्सर घाट की तरह ही शिवराजपुर का खेरेश्वर घाट भी सैकड़ों लाशों से अटा पड़ा है। गंगा के बीच में और किनारे पर कई शव दफनाए गए। करीब तीन सौ मीटर के दायरे में जिधर भी निगाहें दौड़ाई गईं, शव ही शव नजर आए। शवों के ऊपर से बालू हटी तो मृतकों के परिजनों की बेबसी और मजबूरी सामने आ गई। बताया जा रहा है कि आसपास के ग्रामीण लकड़ी महंगी होने और आर्थिक तंगी के चलते सूखी गंगा में ही शव दफनाकर चले गए। घाट पर तो शवों का अंतिम संस्कार होता आया है लेकिन ग्रामीणों की मानें तो पहली बार गंगा किनारे और बीच में शवों को दफनाने का मामला सामने आया है। कोरोना काल में इतनी मौतें हुईं कि घाटों पर जगह कम पड़ गई। लंबे इंतजार और अनापशनाप खर्चे से बचने के लिए मजबूर व आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण चोरी छिपे यहीं पर अपनों के शव दफनाते रहे। एक दिन पहले हुई बारिश के बाद जब बालू बह गई तो ये शव नजर आने लगे। गुरुवार को इसकी खबर फैली तो मजमा लग गया। किसी शव का हाथ नजर आया तो किसी का पैर। कई शवों को तो कुत्तों ने नोंच-नोंचकर क्षतविक्षत कर दिया था। खबर फैली तो पुलिस अफसर भी पहुंचे।

### कदम-कदम पर लाशें

गशव गंगा में दफना दिए गए लेकिन पुलिस प्रशासन को भनक तक नहीं लगी। गुरुवार को जब भनक लगी तो पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। हर दो-तीन फीट की दूरी पर एक शव दफनाया गया। कहीं-कहीं तो पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

### अंतिम संस्कार के लिए पैसे नहीं, तो शव दफनाए

ग्रामीणों ने बताया कि घाट पर लकड़ी आदि की व्यवस्था नहीं है। जहां देते भी हैं, बहुत महंगी देते हैं। एक शव के अंतिम संस्कार में पांच से सात हजार रुपये खर्च हो जाते हैं। मजबूर और गरीबों के लिए ये रकम बड़ी है। इसलिए लोगों ने शव दफनाने शुरू कर दिए। पिछले एक महीने से शवों की संख्या बढ़ गई है। ग्रामीणों के मुताबिक सैकड़ों शव यहां दफनाए गए हैं। बहुत से शव पानी के बहाव में बह गए।

## क्विक अपडेट



### जन्म दिलाने वालीं डॉक्टर का निधन, कांग्रेस महासचिव ने लिखा भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी को जन्म दिलाने वालीं डॉक्टर का निधन हो गया। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में 43 साल से सेवाएं दे रहीं डॉ एस के भंडारी स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग की वरिष्ठ डॉक्टरों में से एक थीं। गुरुवार को प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर उनके निधन की जानकारी साझा करते हुए शोक व्यक्त किया।कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर लिखा कि डॉ भंडारी का गुरुवार को निधन हो गया। उनके भाई और उनका जन्म इन्होंने ही करवाया था। इतना ही नहीं प्रियंका गांधी के दोनों बच्चों ने डॉ भंडारी की देखरेख में जन्म लिया था। ।

### गोवा अस्पताल में फिर ऑक्सीजन कमी से 15 कोरोना मरीजों की मौत


**पणजी।** भारत में कोरोना वायरस की दूसरी लहर के बीच ऑक्सीजन किल्लत का संकट जारी है। गोवा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (जीएमसीएच) में बृहस्पतिवार के तड़के ऑक्सीजन के अभाव में और 15 कोरोना मरीजों की मौत हो गई। राज्य में कई दिनों से ऑक्सीजन कमी के चलते लोगों की मौत हो रही है। दो दिन पहले ही यहां 26 कोरोना मरीजों की ऑक्सीजन की कमी के कारण मौत हो गई थी। प्रशासन की लापरवाही उजागर हो रही है। सरकार ने बॉम्बे हाईकोर्ट को यह जानकारी दी।

### एक ही परिवार के 27 सदस्यों को कोरोना

**ग्वालियर ।** कोरोना की दूसरी लहर में पहली बार एक ही परिवार के 27 सदस्य संक्रमित पाए गए। जिसमें 17 माह की बच्ची से लेकर 105 वर्ष के दादाजी कोरोना की चपेट में आ गए। 27 लोगों में 8 बच्चे भी संक्रमण के शिकार बने। यह पहला मौका है जब इतनी संख्या में एक ही परिवार के सदस्य कोरोना की चपेट में आए हों। प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुर्स्वार को भेलाखुर्द गांव में करीब ढाई सौ लोगों की सैंपलिंग कराई, जिसमें गांव के सरपंच व बीजेपी के मंडल अध्यक्ष सहित उनके परिवार के ही 27 सदस्य संक्रमित पाए गए।

## संकट के बीच अच्छी खबर

# 6 राज्यों में कोरोना पीक खत्म होने का दावा



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के केस में कुछ कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रायल द्वारा जारी बीते 24 घंटों के आंकड़ों के मुताबिक, देशभर में कोरोना के 3,43,144 नए केस सामने आए हैं, जो पिछले दिनों के मामलों से कम है। इस दौरान 3,44,776 मरीज ठीक हुए हैं जबकि 4,000 की जान गई है। इस तरह देश में कोरोना मरीजों का कुल आंकड़ा 2,40,46,809 हो गया है जिनमें से 2,00,79,599 मरीज इस महामारी को मात दे चुके हैं। मृतकों का आंकड़ा 2,62,317 पहुंच गया है जबकि 37,04,893 एक्टिव केस हैं। टीकाकरण भी जारी है। अब तक देश में 17,92,98,584 लोगों को टीका लग चुका है। ताजा खबर यह है कि महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्य प्रदेश में नए केस कम हुए हैं। साथ ही दावा किया जा रहा है कि देश के छह राज्यों, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़ और दिल्ली में कोरोना संक्रमण अपना पीक हासिल कर चुका है। यानी अब यहां केस कम होना शुरू हो जाएंगे। कोरोना महामारी से दुनिया में सबसे बदतर हालात का सामना कर रहे भारत के लिए यह बहुत अच्छी खबर है। महाराष्ट्र से ताजा खबर है कि कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए लगाई गई सख्त पाबंदियों का असर दिखने लगा है। मामले कम हो रहे हैं।

# कांग्रेस नेता ने खरीदे थे 66 इंजेक्शन

## नकली रेमडेसिविर सप्लाई मामला कई डॉक्टर भी पुलिस की राडार पर

**इंदौर।** नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन के मामले में विजय नगर थाना पुलिस ने बीना निवासी प्रशांत पाराशर को गिरफ्तार कर लिया है। वह सुनील मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद भोपाल में रहने वाले भाई के घर छिपा हुआ था। आरोपित सागर में युवक कांग्रेस का पदाधिकारी है और पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की तैयारी भी कर रहा है। इसने सूरत में गिरफ्तार दलाल सुनील मिश्रा से 66 इंजेक्शन खरीदना कुबूला है। प्रशांत ने आठ वायल बेतवा नदी में बहा दिए थे।

आइजी हरिनारायणाचारी मिश्र के मुताबिक, गुजरात और इंदौर पुलिस की संयुक्त पूछताछ में सुनील मिश्रा ने बताया कि भीम वार्ड बीना निवासी प्रशांत पुत्र श्रीराम पाराशर भी उससे 100 इंजेक्शन लेकर गया था। पुलिस प्रशांत की तलाश में बीना पहुंची लेकिन वह मोबाइल बंद कर कोलार (भोपाल) में रहने वाले भाई के घर में छिप गया। बुधवार रात टीआइ तहजीब काजी, आरक्षक भरत बड़े और कुलदीप ने दबिश देकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में प्रशांत ने बताया कि बंगाल विधानसभा चुनाव से लौटने के बाद उसका इंटरनेट मीडिया के माध्यम से सुनील मिश्रा से संपर्क हुआ और उसने 66 इंजेक्शन खरीद लिए। 58 इंजेक्शन ज्यादा दामों में कोरोना संक्रमितों को बेच दिए। 26 अप्रैल को अचानक मिश्रा का काल आया और कहा कि



इंजेक्शन लगाने में कोई परेशानी तो नहीं आ रही है। उसके शक जताने पर प्रशांत घबरा गया और आठ इंजेक्शन बेतवा नदी में बहा दिए। एसपी (पूर्वी) आशुतोष बागरी के मुताबिक, पुलिस प्रशांत से पूछताछ कर रही है। उसकी काल डिटेल निकालकर इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है कि उसने किस-किस को नकली इंजेक्शन की आपूर्ति की है।

### डाक्टर ने एक परिवार को 40 इंजेक्शन बेचे, तीन की मौत

विजय नगर थाना टीआइ तहजीब काजी के मुताबिक, आरोपित डाक्टर सरवर पुत्र मूसा खान निवासी सुभाष मार्ग सांवेर को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। उसने पूछताछ में बताया कि दवा व्यवसायी गोविंद गुप्ता से 50 नकली इंजेक्शन खरीदे थे। ये सभी इंजेक्शन पटेल परिवार को बेच दिए थे। बाद में उनके तीन सदस्यों की मौत हो गई। उन्होंने 10 इंजेक्शन लौटा दिए थे जिन्हें अशरद, हैदर और वसीम को बेच दिए। तीनों को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा

### दो महिलाओं को ब्लैक फंगस

ग्वालियर में कोरोना को हरा चुके मरीजों में ब्लैक फंगस की शिकायत सामने आ रही है। कोरोना हरा चुकी दो महिला मरीजों में ब्लैक फंगस की शिकायत गुरुवार को पाई गई। एक महिला मरीज के जबड़े का आपरेशन कर वह हिस्सा निकाल दिया गया, जहां पर फंगस का संक्रमण था। जबकि दूसरी मरीज का आपरेशन आज किया जाएगा।

## भोपाल में कोरोना संक्रमित से दुष्कर्म मामला

# पुलिस-अस्पताल आमने-सामने

**भोपाल।** में कोरोना संक्रमित महिला से दुष्कर्म के बाद मौत का मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को एक महीने तक दबा कर रखा गया। अब इस पूरे मामले पर भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) और पुलिस प्रशासन के बीच खींचतान शुरू है। बीएमएचआरसी का कहना कि महिला के साथ दुष्कर्म नहीं, बल्कि छेड़छाड़ हुई थी। महिला ने अपने परिवार को घटना की जानकारी नहीं देने की बात कही थी, इसलिए परिजनों को सूचना नहीं दी गई। वहीं निशातपुरा पुलिस के टीआई महेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि घटना के दो दिन बाद पुलिस की टीम महिला के बयान लेने




अस्पताल पहुंची, लेकिन उनकी तबीयत खराब होने का हवाला देकर अस्पताल प्रबंधन ने महिला का बयान लेने से रोक दिया। पुलिस ने अस्पताल से पत्र लिखकर महिला के परिवार की जानकारी मांगी, लेकिन अस्पताल ने उसका जो पता दिया, वहां गलत थी। वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि संक्रमित महिला का जो पता रिकॉर्ड में दर्ज था, वही पुलिस को दिया गया। वहीं इस मामले में गैस पीड़ित संगठन भी कूद गए हैं। अस्पताल से सवाल किया है कि महिला वार्ड में पुरुष क्या कर रहा था? हालांकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भोपाल गैस पीड़ित संघर्ष सहयोग समिति की संयोजिका साधना प्रधान ने कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खड़े किए हैं। मानवाधिकार आयोग ने दुष्कर्म मामले में डीआईजी भोपाल से 10 दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी है। हादसे के बाद महिला की मौत हो जाने और पुलिस और अस्पताल की ओर से महिला के परिवार वालों को जानकारी नहीं देने को गंभीरता से लेते हुए मामले में स्वत: संज्ञान लिया है।



### एमपी के सभी पत्रकारों का इलाज करायेगी शिवराज सरकार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मीडिया के साथियों का कोरोना का इलाज राज्य सरकार कराएगी। मीडिया के प्रिंट,इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल के सभी सदस्य अधिमान्य और गैर अधिमान्य साथियों का कोरोना के इलाज की चिंता सरकार करेगी। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल के संपादकीय विभाग में कार्य कर रहे सभी पत्रकार, डेस्क में पदस्थ पत्रकार साथी, कैमरामैन, फोटोग्राफर सभी को कव्हर किया जाएगा।

# किसानों के खातों में 2000 रुपये

## पीएम मोदी ने दी किसान सम्मान निधि

**नई दिल्ली ।** भारत के किसानों की समस्या किसी से छुपी नहीं है। सरकार किसानों की दिक्कतों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कोरोना काल में लगभग हर किसी की आर्थिक स्थिति बिगड़ी है। लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। इन्हीं में से एक सरकारी योजना के तहत आज सरकार ने किसानों के बैंक खातों में 2000 रुपये डाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए




प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत वित्तीय लाभ की आठवीं किस्त जारी कर दी है। कोरोना काल में यह किसानों के लिए राहत भरी खबर है। इससे 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक का लाभ 9.5 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसान परिवारों को हुआ। मालूम हो कि इस योजना के तहत हर चार महीने पर 2,000 - 2,000 रुपये की तीन किस्त दी जाती हैं। यह धनराशि डीबीटी माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे जमा कराई जाती है।

# रद्द हो सकती है 12वीं की बोर्ड परीक्षा




**नई दिल्ली ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड बारहवीं कक्षा की परीक्षा को रद्द कर सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिक्षा मंत्रालय कोरोना वायरस की वजह से पैदा हुई वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर रहा है और बोर्ड परीक्षा को रद्द करने पर विचार कर रहा है। बताया जा रहा है कि सीबीएसई द्वारा अगले दो सप्ताह के भीतर बोर्ड परीक्षा रद्द करने की घोषणा की जा सकती है। इसे लेकर समीक्षा की जा रही है। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक अंग्रेजी अखबार से बातचीत में कहा कि बारहवीं कक्षा की परीक्षा के रद्द होने की संभावना है। उनका कहना है कि कोरोना की वजह से पैदा हुई वर्तमान स्थिति को देखते हुए परीक्षा को पूरी तरह से रद्द करने की संभावना है। सीबीएसई स्थिति की समीक्षा करेगा और संभवतः बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए एक वैकल्पिक मूल्यांकन योजना तैयार की जाएगी।

### खुराकों के बीच 12-18 हफ्ते के अंतर सही- अमेरिकी डाक्टर




**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के मुख्य चिकित्सक सलाहकार डॉक्टर फाउची ने कोविशील्ड वैक्सीन की पहली और दूसरी खुराक के बीच 12 से 18 हफ्ते के अंतर को जायज ठहराया है। एक इंटरव्यू में डॉ. फाउची ने कहा कि अगर वैक्सीन की कमी है और ज्यादा से ज्यादा से लोगों को वैक्सीन लगानी है तो यह तरीका जायज है। अमेरिकी डॉक्टर ने कहा कि भारत को वैक्सीनेशन अभियान तेज करने के लिए दूसरे देशो और कंपनियों के साथ सहयोग करना चाहिए।

# चित्रकूट जिला जेल में बंदियों के बीच फायरिंग, एक की मौत, पुलिस ने कार्रवाई में दूसरे को मारी गोली

**चित्रकूट ।** चित्रकूट जिला जेल रगौली में बंदी अंशुल दीक्षित ने फायरिंग कर मेराजुद्दीन और मुकीम काला की हत्या कर दी। मुकीम काला पश्चिम उत्तर प्रदेश का बड़ा बदमाश था। वहीं पुलिस कार्रवाई में अंशुल दीक्षित भी मारा गया। जेल के अंदर फायरिंग से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार मृतक बंदी कुछ दिनों पूर्व बाहरी जेल से यहां शिफ्ट हुआ था। जिले के आला अफसर मौके पर मौजूद हैं। आईजी के





सत्यनारायण, डीएम सुभ्रान्त कुमार शुक्ला, एसपी अंकित मित्तल, जेल अधीक्षक श्री प्रकाश त्रिपाठी समेत भारी फोर्स मौके पर मौजूद है। बता दें कि मुकीम पर हत्या, लूट, रंगदारी, अपहरण, फिरौती जैसे 35 से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे। कभी चिनाई मिस्त्री रहे मुकीम की गिनती हार्डकोर क्रिमिनल के रूप में होती थी। वहीं मुकीम काला को मारने वाले अंशुल दीक्षित को यूपी एसटीएफ ने गोरखपुर जिले के गोरखनाथ थानाक्षेत्र से 2014 में गिरफ्तार किया था।




# ब्लैक फंगस अब तक कई राज्यों में फैली बीमारी

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के साथ-साथ म्यूकोरमाइकोसिस का खतरा भी अब बढ़ता जा रहा है। देश के 10 राज्यों में म्यूकोरमाइकोसिस यानी ब्लैक फंगस के मामले देखने को मिल रहे हैं। इस बीमारी के तहत मरीज की आंख की रोशनी जाने और जबड़े और नाक की हड्डी गलने का खतरा रहता है। ये इतनी गंभीर बीमारी है इसमें सीधे मरीज को आईसीयू में भर्ती करना पड़ रहा है। आइए जानते हैं कि देश के किन राज्यों में इस बीमारी के मामले सामने आए हैं...

1. **गुजरात** गुजरात में म्यूकोरमाइकोसिस के सबसे ज्यादा मामले देखने को मिल रहे हैं। स्थिति इतनी खराब है कि राज्य सरकार ने इसके लिए अलग से वार्ड बनाने तैयार कर दिए हैं। यहां अबतक 100 से ज्यादा मामले सामने आ गए हैं। इनमें से कई मरीजों की आंख की रोशनी तक जा चुकी है।



2. **महाराष्ट्र** कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित महाराष्ट्र में ब्लैक फंगस के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बताया कि राज्य में अबतक दो हजार से ज्यादा म्यूकोरमाइकोसिस के मामले सामने आ चुके हैं।

3. **राजस्थान** राजस्थान में भी ब्लैक फंगस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। यहां जयपुर में 14 से ज्यादा मामले आ चुके हैं और कई मरीजों ने अपनी आंख की रोशनी तक खो दी है।

4. **मध्यप्रदेश** मध्यप्रदेश में भी म्यूकोरमाइकोसिस के मामले देखने को मिले हैं। इस बीमारी से अबतक यहां दो लोगों की जान चली गई है। राज्य में इसके 50 से ज्यादा मामले सामने आए हैं।

5. **तेलंगाना** हैदराबाद में भी ब्लैक फंगस के 60 के करीब मामले सामने आ चुके हैं। यहां हैरान करने वाली बात यह है कि इनमें से लगभग 50 मामले एक महीने के अंदर जुबली हिल्स स्थित अपोला अस्पताल में सामने आए हैं।

### कोरोना से मात खा गई लव यू जिंदगी पर झूमने वाली लड़की, आखिरी पलों में यूं दिखाई थी हिम्मत



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर इन दिनों हॉस्पिटल में ऑक्सीजन सपोर्ट पर बैठी एक लड़की का वीडियो खूब वायरल हो रहा था। वीडियो में कोरोना वायरस जैसी घातक बीमारी से पीड़ित वह लड़की 'लव यू जिंदगी' गाने पर झूमती नजर आ रही थी। यह वीडियो इसी वजह से वायरल भी हुआ था कि गाने पर झूमती लड़की से लोगों को जिंदादिल रहने व कठिन परिस्थिति में भी उम्मीद न हारने की प्रेरणा मिल रही थी, लेकिन दुख की बात यह है कि मौत ने इस लड़की की जीने की उम्मीद छीन ली। कोरोना के आगे वह बेबस हो गई और दुनिया को छोड़ कर चली गई। इस लड़की का वीडियो 8 मई को ट्वटिर पर डॉ. मोनिका लांगेह ने शेयर किया था। डॉक्टर के अनुसार वीडियो में दिख रही इस लड़की को अस्पताल में आईसीयू बेड नहीं मिल पाया था, इसलिए उसे कोविड इमरजेंसी वार्ड में एडमिट किया गया था।



कटनी, जबलपुर, मंडला, सिवनी, नरसिंहपुर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित



# जीवनदायिनी कटनी नदी को बचाने शुरू हुई मुहिम

## नदी के गहरीकरण के साथ ही साफ सफाई के लिए शुरू हुआ अभियान

कटनी। शहर की पेयजलदायिनी कही जाने वाली कटनी नदी अब पूरी तरह से सूख गई है। कटनी नदी के घाट सूखकर मैदान में तब्दील हो चुके हैं। कटाएघाट एनीकट के अप स्ट्रीम में अब कुछ ही दिन का पानी शेष बचा है, जबकि डाउन स्ट्रीम पूरी तरह से सूख चुका है। कुछ यही स्थित गाटरघाट, मोहन घाट और मसुरहा घाट सहित अन्य घाटों की है। यश भारत द्वारा पिछले दिनों कटनी नदी की सफाई और गहरीकरण को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी। इसके अलावा सामाजिक संगठनों द्वारा भी लगातार आवाज उठाई जा रही थी।



## सामाजिक संस्थाओं की पहल के बाद जनप्रतिनिधियों ने भी दिखाई रूचि


सिटी न्यूज
अभी मास्क भी वैक्सीन है
यश भारत 8
बद से बदत्तर हो गई पेयजलदायिनी की हालत
नदी का पानी सूखा, मैदान में तब्दील हो गया कटाएघाट
अभी ध्यान नहीं दिया गया तो पानी को लेकर मचेगी मारामारी
नदी की सफाई का अभियान चलाए निगम प्रशासन

विगत 4 मई को यश भारत में प्रकाशित खबर।

शहर की एक दर्जन से अधिक सामाजिक संस्थाओं ने कटनी नदी के गहरीकरण, विसर्जन कुंड, अतिरिक्त फिल्टर, चौड़ीकरण, स्टापडेम की सफाई किए जाने के लिए नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन दिया है। अब इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र के सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भी रूचि दिखलाई है। क्षेत्र के भाजपा नेताओं द्वारा कटनी नदी की हालत से रूबरू कराए जाने के बाद सांसद श्री शर्मा ने कलेक्टर को कटनी नदी की सफाई कराने के लिए निर्देशित किया है। सांसद के निर्देश पर जीवनदायनी कटनी नदी के गहरीकरण, चौड़ीकरण एवं सफाई का अभियान प्रारंभ किया गया है।

## एक दर्जन से अधिक सामाजिक संस्थाओं ने सौंपा ज्ञापन



शहर की जीवनदायिनी कटनी नदी के गहरीकरण, विसर्जन कुंड, अतिरिक्त फिल्टर, चौड़ीकरण, स्टाप डेम की सफाई किए जाने की मांग को लेकर कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा लगातार मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम में कई संस्थाओं ने अपना समर्थन दिया है। इसके उपरांत कल नगर निगम आयुक्त को एक ज्ञापन दिया गया। जिसमे कहा गया है कि वर्तमान में कटनी नगर की जीवनदायिनी कटनी नदी की साफ सफाई की महती आवश्यकता को देखते हुए एवं संभावित जल संकट को भी देखते हुए शहर की विभिन्न संस्थाओं ने तत्काल सफाई एवं अन्य कार्य शुरू किए जाने की मांग की है। शहर की सभी समाजसेवी संस्थाओं एवं नागरिकों ने नगर निगम के सहयोगी के रूप में कार्य करने की मंशा भी व्यक्त की है। नागरिकों द्वारा यह कार्य प्रशासन के साथ एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित कोविड-19 मानको का पूर्ण पालन करते हुए किया जाएगा। सारी बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए ने कमिश्नर ने पोकलिन मशीन द्वारा कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया है। इस पर संस्थाओं ने आभार व्यक्त किया है।

### इन संस्थाओं ने की सफाई की मांग

कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी के बैनर तले श्री बाबा हनुमानदास ब्रम्ह ज्योति सन्यासी उस्ताद सुक्खन अखाड़ा, जिला विकास छात्र संगठन, बधाई उत्सव कमेटी, हेल्थ ब्लड डोनर ग्रुप, मेक ए वे, साई ब्लड डोनर एवं साई सेवा समिति, कोविड 19 हेल्प ग्रुप कटनी, सर्वशक्ति वूमन पावर ग्रुप कटनी, गौ माता उपचार केन्द्र, मिलन ब्लड डोनर सोसायटी, होप ग्रुप आदि शामिल है।

# मानव सेवा से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं

## सांसद कोविड सहायता केंद्र में बांटे जरूरतमंदों को भोजन के पैकेट, काढ़ा, गर्म पानी बिस्किट




**कटनी।** मानव सेवा से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं। किसी भी राजनीतिक दल का यही उद्देश्य होना चाहिए तथा हमे गर्व है कि हम उस दल के कार्यकर्ता है जहां की विचारधारा सेवा ही संगठन को आत्मसात करती है। जिला चिकित्सालय समीप सांसद कोविड सहायता केंद्र में कार्यकर्ताओं से चर्चा के दौरान व्यक्त किये। कोरोना के रोगियों और उनके परिजनों की सामान्य असुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय जनता पार्टी कटनी द्वारा जिला चिकित्सालय पर सांसद कोविड सहायता केंद्र स्थापित किया हैए सांसद सहायता केंद्र से भाजपा कार्यकर्ता निरंतर नागरिकों की मदद में लगे हुए हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यकर्ता दिन रात सेवा कार्य मे लगे हुए हैं। आज पांचवे दिन सांसद सहायता केंद्र में कोरोना पीड़ितों के परिजनों को भोजन, आयुष त्रिकुट काढ़ा, गर्म पानी, सादा पानी, बिस्किट, मास्क सेनेटाइजर आदि वितरित किया। अब मण्डल स्तर पर भी इस तरह के सेवा कार्य शुरू हो रहे हैं, जिनमे मंडल अध्यक्ष निरन्तर सक्रिय होकर जनसेवा करेंगे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, संतोष पटेल, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, अभिषेक शर्मा, नवीन मोटवानी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा, नाजू खान, दीपक तिवारी, मनोज गोस्वामी, अज्जू रावत, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बरही में अब हर दिन 50 सेम्पल का लक्ष्य

### कटनी जिले से प्रतिदिन 1180 सेम्पल होंगे कलेक्ट

कटनी/बरही। कोविड-19 महामारी का दंश समूचा देश झेल रहा है। हर दिन चारो-ओर से मौत होने की खबरें सुनाई पड़ रही है। अब प्रशासन द्वारा सभी स्वास्थ्य केंद्रों के लिए कोरोना संक्रमण का पता लगाने सेम्पलिंग के लिए लक्ष्य का निर्धारण किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही से हर दिन 50 सेम्पल कलेक्ट किए जाएंगे, वही जिला चिकित्सालय से 150 जबकि जिलेभर में 1180 सेम्पल कलेक्ट करने का प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सेम्पलिंग कार्य के लिए नोडल अधिकारियों को सेमलिंग के साथ जिला कंट्रोल केंद्र में पहुचाने एवं पॉजिटिव आने वाले मरीजो को जानकारी देने के दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जिलेभर से कलेक्ट होने वाले सैम्पलों की जांच कृष्णा डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड लैब पुणे, महाराष्ट्र में होगी।

## शहर में तीन स्थानों पर बने माइक्रो कंटेनमेंट जोन




**कटनी।** कोविड - 19 के बढते संक्रमण की रोकथाम एवं सुरक्षा की दृष्टि से निगम सीमान्तर्गत कोविड पॉजीटिव पाये जाने पर उक्त क्षेत्र/भवन को माईक्रो कंटेनटमेन्ट जोन चिन्हित किये जाकर साफ सफाई, कीटनाशक दवा के छिड़काव सहित सैनेटाइजेषन की कार्यवाही निरंतर जारी है।। क्षेत्रीय उपयंत्रियों एवं विभाग द्वारा शाम 6 बजे तक दी गई जानकारी अनुसार आज कोविड संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए तीन स्थलों रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित तलैया के पास, जगजीवन राम वार्ड स्थित रमेश आटा चक्की के पास तथा शिवाजी वार्ड स्थित बजरंग कॉलानी में माइक्रों कंटेनमेंट जोन के बैनर लगाकर संक्रमण के प्रसार को रोकने हेतु अन्य आवष्यक कार्यवाही की गई।

## एसडीएम ने लिया कोरोना कर्फ्यू की व्यवस्थाओं का जायजा



**कटनी।** जिले में कोविड के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत हेतु एसडीएम बलबीर रमन ने नगर निगम अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होने चैकपोस्ट, रोको टोको अभियान में संलग्न अमले द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही कोरोना कर्फ्यू की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर विजिट में नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अनाथ बेसहारा परिवार का सहारा बनेगी सरकार

## पीड़ित परिवार को मिलेगी 5 हजार पेंशन



**कटनी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व तथा संगठनात्मक शीर्ष विष्णुदत्त शर्मा के कुशल नेतृत्व में ऐतिहासिक फैसले लेकर मध्यप्रदेश को कोरोना मुक्त बनाने के साथ इससे प्रभावित हुए लोगों को लगातार सहारा देने में जुटे हैं। आज बेसहारा हुए परिवारों को 5 हजार रुपये माह पेंशन की घोषणा प्रदेश ही नहीं देश के लिए ऐतिहासिक घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई है। इस अभूतपूर्व निर्णय के लिए मुख्यमंत्री तथा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का ह्रदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस फैसले से सैकड़ों ऐसे परिवारों को सम्बल मिलेगा जो कोविड के कारण अनाथ हो गए। प्रदेश की संवेदनशील भाजपा सरकार अब ऐसे परिवारों के लिए एक अभिभावक की भूमिका निभाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि ईश्वर न करे किसी पर भी यह विपत्ति आये लेकिन अगर यह आती है तो गरीब परिवार को जीवनयापन का जरिया मिलेगा। बच्चों का भविष्य बनेगा। उन्होनें कहा कि पूरे देश मे इस महत्वपूर्ण फैसले कोविड से उजड़ते परिवारों के लिए उनके बच्चों के लिए महिलाओं के लिए जीवन यापन का मील का पत्थर बनेगा। हमे गर्व है कि हमारे प्रदेश के मुखिया शिवराज जैसे संवेदनशील व्यक्ति हैं। जिन्हें हर व्यक्ति की चिंता है। इससे पहले उन्होंने बिना आयुष्मान कार्ड धारी का निःशुल्क उपचार गरीबों को तीन माह तक बिना पात्रता पर्ची के इलाज की व्यवस्था की जो लोगों के लिए कोविड से जंग में सहायक बन रही है। अब 5 हजार रुपये पेंशन से निः संदेह ऐसे परिवारों को राहत मिलेगी। संगठन के मुखिया तथा सांसद विष्णुदत्त शर्मा निरन्तर लोगों की मदद कर रहे हैं चाहे वह ऑक्सीजन का मामला हो, दवाओं या फिर अस्पताल में व्यवस्था का जिले में सभी जनप्रतिनिधियों तथा संगठन के एक एक कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के सिद्धांत पर कार्य कर रहा है। जिले के सभी भाजपाजनों की ओर से मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

## कोरोना से प्रभावित परिवारों के बच्चों को मिलेगा आश्रय

महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा ऐसे बच्चों को जिनके अभिभावकों को कोविड-19 संक्रमण के कारण तत्काल देखरेख एवं संरक्षण दिए जाने की आवश्यकता है, जिले में अनुसूचित जाति पोस्ट मीट्रिक कन्या छात्रावास एवं सीनियर कन्या छात्रावास बरगवां को ऐसे बच्चों को संरक्षण दिए जाने फिट फैसिलिटी घोषित किया गया है। ऐसे परिवार के बच्चे जिनमें माता-पिता संक्रमित होने के कारण इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती हैं एवं परिवार में बालकों की देखभाल हेतु अन्य कोई सदस्य नहीं है, ऐसे परिवार के बालको को उपरोक्त छात्रावासों में तत्काल देखरेख एवं संरक्षण प्रदान किया जाएगा। उपरोक्त श्रेणी के बालक जो कि 1 से 18 वर्ष तक के आयु के हो उनके परिजनों के स्वस्थ होने तक आवश्यक सहायता दी जाएगी। यदि आपके आसपास ऐसे परिवार हो तो तत्काल इसकी सूचना अजय दुबे मोबाइल नंबर 9407001006, रविशंकर गौतम परामर्शदाता 9752408448, रजनीश सोनी 9407001052, चाइल्ड लाइन टोल फ्री नंबर 1098 अथवा चन्दन चौहान समन्वयक चाइल्ड लाइन 7024201098 पर देवें जिससे ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक आवश्यक सहायता पहुंचाई जा सके।

# किल कोरोना अभियान : जांच केन्द्रों में पहुंच रहे मरीज


## सर्दी, खांसी, बुखार के मरीजों ने कराया प्राथमिक इलाज



**कटनी।** शासन द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु 7 मई से 25 मई तक किल कोरोना-3 अभियान चलाने के निर्देश प्रदान किये गए है। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर निगम के समस्त जोन कार्यालयों जोन क्रमांक 1 आडिटोरियम परिसर, जोन क्रमांक-2 खिरहनी आंगनबाडी केन्द्र, जोन क्रमांक 3 टी.सी.बजान स्कूल परिसर तथा जोन कमांक 4 माधवनगर उपकार्यालय में कोविड सहायता केन्द्रों की स्थापना की गई है। जोन प्रभारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि जोन कार्यालयों में स्थापित कोविड सहायता केन्द्रों में उपस्थित चिकित्सों तथा महिला एवं बाल विकास समिति के सदस्यों द्वारा रोजाना प्रातः से शाम तक सर्दी, खांसी, बुखार के लक्षण युक्त रोगियों का निःशुल्क प्राथमिक उपचार किया जाकर आवश्यक परामर्श एवं दवा का वितरण किया जा रहा है। वार्डो के अधिक से अधिक नागरिकों को कोविड सहायता केन्द्रों से चिकित्सा लाभ प्राप्त हो सके इस हेतु वार्डो में मुनादी एवं आवश्यक प्रचार-प्रसार किया जाकर वार्ड स्तरीय संकट प्रबंधन समूह का सहयोग लिया जाकर नागरिकों को चिकित्सा लाभ प्रदान करनें के प्रयास किये जा रहे है। जोन कार्यालयों में स्थापित कोविड सहायता केन्द्रों में आनें वाले नागरिकों, मरीजों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा रोजाना साफ-सफाई कराई जाकर सैनेटाइजेशन कराया जा रहा है।

## 1511 लाभार्थियों को लगाया गया कोविड-19 वैक्सीन

**कटनी।** जिले में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 का वेक्सीनेशन कार्य किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी जिले में 13 मई को कुल 1511 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। 45 वर्ष व उससे अधिक आयु के 145 व्यक्तियों को फर्स्ट डोज तथा 313 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन लगाया गया है। इसी प्रकार सीनियर सिटिजन्स में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के 110 लाभार्थियों को फर्स्ट डोज तथा 340 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया है। वहीं 1 हेल्थकेयर वर्कर्स को फर्स्ट डोज और 7 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 वेक्सीनेशन किया गया है। साथ ही 24 फ्रंटटलाईन वर्कर्स को फर्स्ट डोज तथा 6 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 टीका लगाया गया है। इसके साथ ही 18 से 44 आयुवर्ग के लाभार्थियों में 565 को कोविड-19 वेक्सीन का फर्स्ट डोज भी लगाया गया है।






## बजरंग दल ने किया रक्तदान

**कटनी।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा जिला चिकित्सालय कटनी में कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए रक्तदान किया गया, जिसमे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं समाज इस सहभागिता में भागीदारी सुनिश्चित की। ज्ञात हो कि विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा जिले भर में सूखा राशन, भोजन, मास्क, सैनिटाइजर वितरण के साथ जगह जगह वैक्सीन जागरूकता के कार्यक्रम कर सेवा के अनेकों कार्य किए जा रहे हैं। बजरंग दल द्वारा किये गए रक्तदान के रूप में सेवा कार्य में जिला सह संयोजक राहुल दुबे, दिलराज अमर सिंह, मिथुन जायसवाल, करन मिश्रा, रोहित कोरी, लक्की सोनी, शिवम सेन, लक्ष्मी बर्मन, सचिन सिंह, चौहान, पंकज तिवारी, वीरू साहू, संजय सोनी, रवि वर्मा, श्रीकांत पटेल, सोमनाथ चौधरी, मनोज बसरकर, दिव्यांशु कछ्वाह, दीपक मिश्रा, राहुल मिश्रा, संगम मिश्रा, मनोज मिश्रा, उपस्थिति रहे।



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 14 मई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# वार्ड में संकट प्रबंधन समूह क्रायसिस मैनेजमेंट ग्रुप का गठन

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग,मंत्रालय भोपाल एवं मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार नगर के प्रत्येक वार्ड में वार्ड संकट प्रबंधन समूह (क्रायसिस मैनेजमेंट ग्रुप) का गठन किये जानें के निर्देश दिये गए है। कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम आदि के संबंध में पूर्व में कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला कटनी द्वारा कोरोना वार्ड समिति का गठन किया जाकर वार्ड प्रभारियों द्वारा समिति के सदस्यों का अनुमोदन कराया गया है एवं कोरोना वार्ड समिति को ही किल कोरोना समिति के रूप में गठित किया गया है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा शासन निर्देशों के परिपालन में संकट प्रबंधन समूह (क्रायसिस मैनेजमेंट ग्रुप) हेतु प्रत्येक वार्ड की पूर्व में गठित कोरोना वार्ड समिति, (किल कोरोना समिति) के प्रभारी एवं सदस्यों को समाहित करते हुए उनके साथ अतिरिक्त सदस्यों को समिति में शामिल किया जाकर वार्ड संकट प्रबंधन समूह (क्रायसिस मैनेजमेंट ग्रुप) का गठन वार्ड स्तर पर किया है। समिति के अध्यक्ष संबंधित वार्ड प्रभारी अधिकारी नगर पालिक निगम कटनी रहेगे। वार्ड स्तरीय गठित संकट प्रबंधन समूह के द्वारा प्रत्येक माह बैठक आयोजित की जावेगी। कोरोना वायरस संक्रमण से उत्पन्न आपात स्थिति के नियंत्रण हेतु शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कोविड-19 महामारी की रोकथाम हेतु सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित करनें, वार्ड मोहल्ले में फ्ल, सब्जी, दूध, दवाईयां आदि आवश्यक सामग्री के विक्रय की व्यवस्था, वार्ड निवासियों का शासन निर्देशानुसार वैक्सीनेशन एवं कोविड के लक्षण पाये जाने पर नजदीकी फीवर क्लीनिक में सेम्पलिंग कराने हेतु प्रेरित करनें, कोविड पॉजीटिव घरों के आसपास सैनेटाईजर करानें सहित संक्रमण से बचाव एव सुरक्षा हेतु आवश्यक जनजागरूकता की कार्यवाही करनें, वार्ड स्तर पर कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं सुरक्षा तथा कोविड सहायता केन्द्र का प्रचार प्रसार, वार्ड के किसी भी व्यक्ति को सर्दी, खांसी, बुखार आदि होने पर उन्हे जोन कार्यालय में स्थापित कोविड सहायता केन्द्र तक लानें एवं वापस भेजने की व्यवस्था का दायित्व प्रदान किया गया है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने निवृतमान पार्षदों एवं पूर्व व वर्तमान गठित समिति के सभी सदस्यों से कोविड-19 की इस आपदा/महामारी में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

# पडुआ का तालाब सूखा, ग्रामीणों में चिंता, पानी के लिए भटक रहे पशु




**कटनी।** एक तरफ जहां ग्रामीण अंचलों में पेयजल की किल्लत मची हुई है। वहीं दूसरी ओर पडुवा का तालाब इन दिनों लगभग पूरी तरह से सूख चुका है। गांव के लोगों का कहना है कि इस तालाब का पानी बहुत ही कम सूखता है, लेकिन बारिश की कमी के चलते पानी नहीं भर जाने से अब तलाब का पानी सूख चुका है। जिससे गांव के लोग निस्तार भी नहीं कर पा रहे और मूक पशुओं को पीने के लिए पानी उपलब्ध न होने पर बेहद परेशान एवं दर-दर भटकना पड़ रहा है। इतना ही नहीं तालाब में जहां-तहां यदि थोड़ा बहुत पानी भरा है, लेकिन आसपास कचरा जमा होने से मूक पशुओं पेयजल को बहुत परेशानी हो रही है। यह भी बताया गया कि तालाब को दुरूस्तीकरण करने के लिए अनेकों बार पंचायत द्वारा राशि निकली लेकिन अब इस तालाब के हालात जस के तस बने हुए हैं। जानकारी मे ग्रामीणों ने बताया कि ऐसी जल संकट समस्या सिर्फ पडुआ की ही नहीं बल्कि आस-पास के मतवारी, करहैया, कैमारी, ढुढरी, रैपुरा, भिटौनी, पिपरौंध, लखापतेरी, बड़ागांव सहित अन्य गांवों में भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों का इस ओर ध्यानाकर्षण करते हुए तालाब में साफ-सफाई करवाने एवं पानी भरवाने का आग्रह किया गया है जिससे ग्रामीणों एवं मूक पशुओं को गर्मी के दिनों में होने वाली परेशानियों का सामना करने से निजात मिल सके।

# पंचायत मंत्री के प्रति जताया आभार

**कटनी।** प्रदेश के ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारी कोरोना योद्धा के अलग-अलग उलझे आदेशों के कारण निर्मित हुई भ्रामक स्थिति, प्रदेश में कई जिलो में कलेक्टरों द्वारा कोरोना योद्धा के आदेश निरस्त करने तथा कोरोना योद्धा के आदेश प्रसारित नहीं करने के कारण पंचायत सचिव, सहायक सचिव समेत विभाग के अन्य अमले में अपने परिवार की चिंता को लेकर भय एवं चिंता का माहौल बन गया है। विगत 5 दिनों में प्रदेश भर से ज्ञापन देने के बाद भी विभाग के द्वारा कोई लिखित आश्वासन एवं कोरोना योद्धा में शामिल होने के संबंध में स्पष्ट आदेश व पत्र जारी नहीं किया गया है, जिसके कारण काम बंद कलम बंद हड़ताल की जा रही है। पंचायत सचिव संगठन के प्रदेशध्यक्ष दिनेश शर्मा एवं रोजगार सहायक सहायक सचिव संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रोशनसिंह परमार ने कहा कि पंचायत मंत्री द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से एसीएस एवं संचालक पंचायत राज से अपनी मौजूदगी में चर्चा कराई गई। एसीएस एवं आयुक्त ने सितंबर 2020 के आदेश एवं उसके नवीनीकरण आदेश 10 अप्रैल का हवाला देकर कहा कि प्रदेशभर के समस्त कर्मचारी चाहे ग्राम पंचायत का चपरासी या भृत्य क्यों ना हो जो कोरोना संक्रमण के दौरान काम कर रहा है, इस आदेश के तहत कोरोना योद्धा मान्य होगा। बाकी अन्य आदेश जो बाद में जारी किए गए या कलेक्टर ने जारी किए थे, उनकी आवश्यकता नहीं थी इसीलिए उन्हें निरस्त किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया द्वारा पंचायत सचिव एवं सहायक सचिवों की मांगो को पूरा करने पर आभार व्यक्त किया गया है।

# वेबीनार के माध्यम से विशेषज्ञों ने दूर की भ्रांतियां

## गर्ल्स कॉलेज के ईको क्लब द्वारा कोविड महामारी को लेकर राष्ट्रीय वेबीनार



**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय के ईको क्लब द्वारा आईक्यूएसी के तत्वावधान में वर्तमान परिदृश्य में कोविड-19 प्रबंधन पर राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित किया गया। इस वेबीनार के आयोजन हेतु प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता की सतत प्रेरणा एवं मार्गदर्शन रहा है। वेबीनार की कन्वेनर डॉ साधना जैन, विभागाध्यक्ष प्राणी विज्ञान ने बताया कि इस वेबीनार का उद्देश्य हमारे मन की भ्रांतियों को दूर कर कोविड प्रबंधन के नियमों का पालन करना है। इस वेबीनार के मुख्य वक्ता डॉ निखिल जैन, अस्थि रोग विशेषज्ञ एमएलबी मेडीकल कॉलेज, झांसी उत्तर प्रदेश से है। डॉ निखिल ने बताया कि किस तरह अस्पताल में कोविड-19 का प्रबंधन करते हैं। उन्होंने बताया इस समय थोड़ा भी बुखार या खांसी को हल्के में नहीं लेना चाहिए। वेबीनार की द्वितीय वक्ता शासकीय मेडीकल कॉलेज उरई की सहायक प्राध्यापक डॉ अवनी जैन ने कोविड का निदान प्रारंभ में ही विभिन्न टेस्ट के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने समझाया किन परिस्थितियों में अस्पताल में भर्ती होना जरूरी होता है। इस कार्यक्रम की ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी एवं ईको क्लब प्रभारी डॉ प्रज्ञा अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में कटनी, जबलपुर, बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना आदि स्थानों से 64 प्रतिभागी सम्मिलित हुये। दोनों चिकित्सकों ने प्रतिभागियों की शंका का समाधान किया। आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ रश्मि चतुर्वेदी ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ विमला मिंज, के जे सिन्हा, डॉ वीणा सिंग, श्रीमति वंदना मिश्रा, श्रीमति संध्या निगम, श्रीमति पुष्पा कुशरे, श्रीमति नेहा चौधरी, बिनेश कुमार यादव, राजीव शुक्ला, नागेन्द्र यादव, श्रीमति श्वेता जायसवाल, सुश्री सोनिया कश्यप, सुश्री आरती वर्मा, भीम बर्मन, श्रीमति संध्या सिंह एवं गणेश निषाद का योगदान रहा।

# कटनी जिले में मेडिकल कालेज की जरूरत

## एनएसयूआई ने फिर उठाई मांग, कोरोना की तीसरी लहर के पहले शुरू हो जाए प्रक्रिया

**कटनी।** जैसे जैसे वैश्विक महामारी करोना वायरस पैर पसार रही है, वैसे वैसे देश भर में स्वास्थ सेवाओं की पोल खुल रही है। ऐसे हालात में एक बात साफ तौर पर सिद्ध हुई है कि स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी की ओर ठोस कदम उठाया जाना अब आवश्यक है। मप्र में छात्र राजनीति में लम्बे समय से सक्रिय प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ जिलाध्यक्ष का खिताब पा चुके कोंग्रेस नेता एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक दिव्यांशू मिश्रा अंशू ने बताया कि कटनी प्रदेश के टैक्स देने वाले जिलों में अग्रणी सूची में आता है। कटनी में लगातार समाजसेवी संगठन, राजनैतिक संगठन व आमजनों द्वारा मेडिकल कालेज की स्थापना की मांग की जा रही है। एनएसयूआई द्वारा भी इस मांग को बुलंद करते हुए लम्बी लड़ाई लड़ी गई है। उक्त मांग पर एनएसयूआई द्वारा आंदोलन किया था, तत्पश्चात मांग को बुलंद करते हुए जिले के विभिन्न कलेजों में लगभग 10 हजार से अधिक छात्रों से हस्ताक्षर करवाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था। तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री उमाशंकर गुप्ता से संगठन के सदस्य मिलकर मेडिकल कालेज स्थापना की मांग उठाई थी। सामाजिक संगठन कटनी विकास संघर्ष समिति, कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन, हमारी कटनी व अन्य भी इस मांग को लेकर समय समय पर आवाज उठाते आए हैं।

कोरोना संकटकाल में मेडिकल कालेज जिले में होता तो कटनी और आसपास के कई जिलों के लोगों को उपचार में आसानी जाती और कई जाने बच जाती। प्रदेश सरकार को करोना की तीसरी लहर की तैयारी पूर्व से ही प्रारम्भ कर कटनी में अविलंब मेडिकल कालेज स्थापना करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर देनी चाहिए। जिससे जनता को इसका लाभ मिल सके। छात्र हित में भी यह फैसला अहम साबित होगा। इस फैसले से कटनी के विकास को नई दिशा मिलेगी।

# एक सप्ताह में बरही में 3 हस्तियों का निधन

## महंत रामप्रसाद दुबे भी बरही को कह गए अलविदा



**बरही।** गम, निराशा, मातम से बरही अभी उबर नही पाई थी कि इसी बीच गुरुवार को एक और बज्रपात से नगर में मातम पसर गया। नगर के रामायणी महंत राम प्रसाद दुबे के निधन की खबर से समचे क्षेत्र शोक छा गया। 78 वर्षीय श्री महंत कोरोना संक्रमण से पीड़ित हुए थे, जिनका उपचार जबलपुर में पिछले एक पखवाड़े से चल रहा था, जो इलाज दौरान जिंदगी की जंग हार गए, जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम डोकरिया में किया गया। मृतात्मा को परमगति प्रदान करने एवं शोकाकुल दुबे परिवार को दुख की इस घड़ी को सहन करने परमात्मा से प्रार्थना करते हुए नगरवासियो ने अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजिल अर्पित की है। बरही नगर के विद्वान भगवताचार्य पंडित लक्ष्मीदत्त त्रिवेदी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बाला प्रसाद वर्मा लाला, पूर्व पार्षद पंडित रामप्रसाद दुबे ये सभी बरही नगर की शान थे साथ ही ये तीनो साथी भी थे। नगर की तीनों हस्तियां 2-3 दिन के अंतराल में बरही को अलविदा कह गए। तीनो अपने-अपने क्षेत्र के कुशल योद्धा थे। तीनो साथियों ने जीवन के अंतिम पड़ाव में भी साथ नही छोड़ा और एक-एक कर तीनो एक सप्ताह में बरही का साथ छोड़ गए।

# सैनेटाइज कर संक्रमण पर नियंत्रण के किये जा रहे प्रयास



**कटनी।** कोरोना संक्रमण से सुरक्षा एवं नागरिकों की सुविधा हेतु निगम प्रशासन द्वारा कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना नगर के विभिन्न स्थलों में हेण्ड स्प्रे पंप मशीन, कोरोना विनाशक रथों एवं मिस्ट गन मशीन से वृहत रूप से सैनेटाईजेशन अभियान चलाया जाकर नगर के अधिक से अधिक स्थलों को विसंक्रमित करनें के प्रयास किये जा रहे है। वार्ड क्रमांक 1 से 23 तक के सैनेटाईजर प्रभारी अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम के कोरोना विनाशक वाहनों के माध्यम से सिल्वर टॉकीज रोड, सिंधु भवन रोड, सरावगी गली सहित नगर के अन्य स्थलों में सैनेटाईजेशन का कार्य किया गया। वार्ड क्रमांक 24 से 45 तक के सैनेटाईजेशन प्रभारी पंकज निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत आज दिव्यांचल कोविड केयर, सायना कोविड केयर केन्द्र, बालक छात्रावास राय कॉलोनी, कृष्णधाम कॉलोनी, हास्पिटल लाईन, झूलेलाल मंदिर, दुर्गा मंदिर गली, नैंसी स्कूल के पास, विवेकानंद चैक से भीमराव चैक तक, गढडा टोला, मुक्तिधाम परिसर, आनंद विहार कॉलोनी सहित सी.एल.पी पाठक वार्ड की विभिन्न गलियों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव कराया जाकर स्थलों को विसंक्रमित किया गया।



# सडकों व नालियों की सफाई अनवरत जारी

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा कोविड महामारी के संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु सत्त प्रयास किये जा रहे है। नगर की सफाई व्यवस्था सुचारू बनी रहे इस हेतु स्वच्छता सैनिकों द्वारा दो पालियों मे नगर की सफाई का कार्य किया जा रहा है। निगम कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से नागरिकों से प्राप्त होनें वाली सफाई संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के प्रयास भी रोजाना किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में किसी भी माध्यम से कोरोना संक्रमण का प्रसार न हो सके इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा रोजाना नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मुख्य मार्गो की रात्रीकालीन सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया जा रहा है। डोर टू डोर नागरिकों के घरों से कचरा संग्रहण किया जाकर कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक उपायों को अपनानें की उद्घोषणा की जा रही है।



# डब्ल्यूसीआरएमएस ने सफाईकर्मियों को बांटे मास्क और सेनेटाइजर



**कटनी।** कोरोना संक्रमण काल में रेलवे संगठनों द्वारा भी न केवल लोगों को इस महामारी से जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है वरन समाजसेवी कार्य भी किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 13 मई को जबलपुर रेल मंडल के कटनी रेलवे स्टेशन और रेलवे हॉस्पिटल के सफाई कोरोना वारियर्स को मास्क और सैनीटाइजर का वितरण किया गया। इस आपदा में सफाई के महत्व पर चर्चा की गई और सफाई कर्मियों के कार्य की सराहना की गई। इस अवसर पर एस एन शुक्ला मंडल अध्यक्ष वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ, के सी रजक अध्यक्ष कटनी, संजय दुबे स्टेशन प्रबंधक कटनी, डॉ लाल सीएमप कटनी, सुधीर शर्मा, संजय कुमार, अनुज सोनी सीएचआई, के जी गुप्ता एचआई, प्रहलाद यादव आदि की उपस्थिति रही। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ का कैडर निरंतर डॉ आर पी भटनागर अध्यक्ष वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की प्रेरणा से इस वैश्विक महामारी में मानवता की सेवा में निरंतर अपना योगदान दे रहा है।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

## कार्यालय नगर परिषद विजयराघवगढ जिला-कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/4122/ न.परि./2021 विगढ़ दिनांक 13.05.2021

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, स्वच्छता मिशन योजना अंतर्गत जो परिवारों में शौचालय विहीन है। वह कार्यालय नगर परिषद विजयराघवगढ़ पंजीयन दिनांक 14.05.2021 से दिनांक 24.05.2021 तक दे सकते है। अधिक जानकारी के लिये निकाय के उपयंत्री श्री देवेन्द्र सोनी मो.नं. 9754024912 से संपर्क करें।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद विजयराघवगढ़ जिला-कटनी (म.प्र.)**

## कार्यालय नगरपालिक निगम,कटनी (म.प्र.)

क्र.706/ज.प्र.वि./2021-22 कटनी, दिनांक 13.5.2021

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें http://www.mptenders.gov.in पर key Date & time अनुसार म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्ते व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम कटनी में अथवा पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | अमानत राशि (राशि रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपये में) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहर के विभिन्न स्थानों पर पेयजल पाइप लाइन बिछाने एवं बदलने का कार्य। | 8,49 | 8,499/- | 2,000.00 | 45 दिवस |

निविदा का शेड्यूल निम्नानुसार है- (1) निविदा प्रपत्र क्रय एवं विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 17.5.2021 को सांयकाल 5.30 से। (2) निविदा प्रपत्र क्रय एवं विड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25.5.2021 को सायंकाल 5.30 बजे तक। (3) बिड खोलने की तिथि 26.5.2021 को दोपहर 1.00 बजे से।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त, नगर पालिक निगम कटनी

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

अभी मास्क भी वैक्सीन है






# देश को संकट से बचाने रब से इबादत

## मस्जिदों में गाइडलाइन के साथ अदा हुई ईद की नमाज, लोगों ने घरों पर रहकर की महामारी से रक्षा की दुआएं

**कटनी। कोरोना संक्रमण के बीच आज शहर में मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख ईद का पर्व आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ मनाया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अपने घरों पर रहकर ईद की नमाज अदा की और मुल्क को इस महामारी से बचाने के लिए दुआएं की।**





पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहनकर बच्चों ने एक दूसरे से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। लॉकडाउन के चलते शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों और ईदगाहों में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए ईद की नमाज अदा की गई। यहां 5 लोगों को ही एक साथ नमाज अदा करने की छूट दी गई थी, लिहाजा इस नियम का पालन करते हुए ही नमाज अदा करते हुए एक दूसरे को पर्व की मुबारकबाद दी गई। आदर्श कॉलोनी स्थित बड़ी ईदगाह में पर्व को लेकर नगर निगम प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं की थी। पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट कमेटी द्वारा लोगों से अपने घरों पर रहकर शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए ईद की नमाज अदा करने का आव्हान किया गया था। मुस्लिम धर्मावलंबियों के पाक रमजान माह के समापन पर शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में लोगों ने घरों पर रहकर ईद का पर्व सोशल डिस्टेंसिंग के बीच मनाया। लोगों ने एक दूसरे को दूर से ही ईद की शुभकामनाएं दी।

### बच्चों में दिखा उत्साह, मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में रौनक

### सोशल मीडिया पर दिन भर चला बधाईयों एवं शुभकामाओं का सिलसिला

कोरोना संक्रमण के बीच लॉकडाउन के चलते लोग अपने घरों पर ही रहे और सोशल मीडिया के माध्यम से ईद की बधाईयां दी गई। यह सिलसिला कल रात से ही शुरू हो गया था, जो आज दिन भर चलता रहा। वॉट्सअप और फेसबुक में संदेशों के माध्यम से ईद की बधाई दी जा रही थी। लोग एक दूसरे से यह भी अपील कर रहे थे कि पूरा देश कोरोना जैसी महामारी के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, ऐसे में हमे ईद के दौरान सब्र का परिचय देते हुए पर्व को मनाना है।

### ईद पर्व पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तैनात रहे प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी

ईद पर्व के अवसर पर शहर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की ड्यूटी लगाई गई थी। सम्पूर्ण व्यवस्था के लिये उपखण्ड मजिस्ट्रेट कटनी बलबीर रमन को प्रभारी नियुक्त किया गया था। तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव को मुख्य नमाज ईदगाह, नगीना मस्जिद, नूरी मस्जिद क्षेत्र, नायब तहसीलदार रविन्द्र पटेल की ड्यूटी ऑर्डनेन्स फैक्ट्री, एनकेजे, रोशन नगर मस्जिद, नायब तहसीलदार राजीव मिश्रा को अल्फर्टगंज, अमीर गंज मस्जिद, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख देवी सिंह बागरी मदरसा गौंसिया बरगवां एवं अहमद नगर कुठला मस्जिद में तैनात रहे। इस दौरान ईद का पर्व शांतिपूर्वक तरीके से मनाया गया।





# कम लक्षण वाले कोरोना मरीजों के इलाज में अब मिलेगी सहायता



### विधायक संजय पाठक के निर्देशों पर एसीसी कैमोर ने उपलब्ध कराये 50 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर

**कटनी।** कोरोना की इस विपदा की घड़ी में शासन-प्रशासन द्वारा जनस्वास्थ्य की दिशा में हर संभव कार्य किये जा रहे हैं। जिले में कोरोना पॉजीटिव मरीजों के इलाज में सहूलियत हो, इसके लिये पूर्व राज्यमंत्री एवं वर्तमान विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा सतत् रुप से आगे बढ़कर सहयोग दिया जा रहा है। इसी कड़ी में उनके द्वारा पत्र लिखकर कैमोर में संचालित एसीसी फैक्ट्री के प्लान्ट हैड को जिला प्रशासन को सहयोग करने के निर्देश दिये गये थे। जिसके तहत एसीसी सीमेन्ट प्लान्ट कैमोर द्वारा जिला प्रशासन को 10-10 लीटर क्षमता के 50 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर मशीन उपलब्ध कराई गई हैं। एसीसी सीमेन्ट प्लान्ट द्वारा यह 50 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर मशीनें बुधवार को प्लान्ट प्रबंधन द्वारा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को सौंपी गईं। इस दौरान एसीसी से सीनियर जनरल मैनेजर एचआर एच.पी. सिंह, हैड प्रोजेक्ट आर.बरनीथरन और चीफ मैनेजर एचआर शरद कुमार सिंह एवं अमिताभ राजन और सहायक कलेक्टर अंजली रमेश उपस्थित रहीं। इसके साथ ही एसीसी द्वारा 14 ऑक्सीजन फ्लोमीटर भी एसडीएम विजयराघवगढ़ प्रिया चन्द्रावत और बीएमओ विनोद कुमार को उपलब्ध कराये गये हैं। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक को पत्र लिखकर उनके द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत कोविड के संक्रमण काल में 50 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर मशीन एसीसी सीमेन्ट से उपलब्ध कराने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने लिखा कि इन 50 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर से कटनी जिले के विजयराघवगढ़ एवं बरही क्षेत्र की जनता के अतिरिक्त अन्य विकासखण्डों में कम लक्षण वाले कोरोना के मरीजों के इलाज में सहायता मिलेगी। आज के परिदृश्य में यह सहभागिता बेहद महत्वपूर्ण है।

# बरही में कोरोना संदिग्ध महिला की मौत

## पुलिस ने कोरोना वारियर्स के रूप में कराया कफन दफन





**बरही।** अस्पताल से घर लौटी महिला की सुबह मौत होने की खबर के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना पर पुलिस एवं प्रशासनिक टीम द्वारा महिला के शव को दफ्न किया गया। मृतका कोरोना पॉजिटिव थी। इस संबंध में प्राप्त जानकारी मुताबिक बरही थाना अंतर्गत छिन्दीया टोला में किराए के मकान में रहने वाली कोरोना संक्रमित एक 32 वर्षीय महिला उर्मिला पति मिठाईलाल कोल की मौत हो गई। महिला उमरिया जिले के इंदवार थाना अंतर्गत रोहनिया गांव की रहने वाली थी तथा अपने पति को छोड़कर किसी युवक के साथ बरही थाना अंतर्गत आकर रहती थी। महिला पिछले कुछ दिनों से सर्दी, जुकाम व खांसी से पीड़ित थी। उसकी मौत हो गई। सूचना पर बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के निर्देश पर उपनिरीक्षक किशोर द्विवेदी, सहायक उपनिरीक्षक नारायण व आरक्षक विवेक कोरोना वॉरियर्स के रूप में पीपीई किट पहन कर महिला के दूसरे पति को साथ लेकर कफन दफन करवाया। बताया गया है कि मंगलवार को उसकी तबियत बिगड़ी, जिसके बाद आस-पास के लोगो ने उसे बरही अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से बेहतर इलाज के लिए कटनी रेफर किया गया था, लेकिन कोई भी जिम्मेदार न होने से उसे उसके किराए के कमरे में छोड़ दिया गया था और दूसरे दिन वह मृत अवस्था मे पाई गई।

# बंधक बनाकर 15 दिनों तक किशोरी से दुष्कर्म

### कैमोर की घटना, दो गिरफ्तार

**कटनी।** कैमोर पुलिस ने लगभग 15 दिन से लापता एक 17 वर्षीय किशोरी को न केवल दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है बल्कि अपहरण करने के बाद उसे बंधक बनाकर बलात्कार करने के आरोप में दो लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। इस संबंध में कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन के मुताबिक थाना क्षेत्र की एक 17 वर्षीय किशोरी विगत 26 अप्रैल से लापता थी। पुलिस पिता की सूचना पर गुमइंसान कायम कर उसकी तलाश कर रही थी। जिसमें पुलिस को सफलता मिली और पुलिस ने फारूख खान व मोहम्मद शरीफ नामक युवकों के पास से किशोरी को बरामद किया। किशोरी ने युवकों पर बंधक बनाकर बलात्कार करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 363, 366, 366क, 376(2)एन, 342, 34 सहित पास्को व हरिजन एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

# बड़वारा पुलिस ने पकड़ी ढाई लाख की अवैध शराब





### आरोपी के विरुद्ध अपराध किया पंजीबद्ध

**कटनी।** जिले में पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देश पर पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध शराब को लेकर कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना के आधार पर दी गई दबिश में 50 पेटी अवैध शराब बड़वारा पुलिस द्वारा जप्त की गई है। इस शराब की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। इस कार्यवाही में शामिल पुलिस अमले को पुलिस अधीक्षक श्री अवस्थी ने पुरुस्कृत करने की घोषणा भी की है। पूरे प्रकरण के अनुसार 12 मई को पेट्रोलिंग के जरिये मुखबिर की सूचना बड़वारा पुलिस को प्राप्त हुई थी। जिसमें ग्राम विलायतकलां शासकीय आदिवासी स्कूल के पार आरोप साजल जैसवाल पिता लक्ष्मण जैसवाल उम्र 19 वर्ष निवासी बरहटा थाना चंदिया जिला उमरिया का अपने पिता के साथ मोटर साईकल क्रमांक एमपी-54-एमबी-0813 में शराब की पेटियां रखकर बड़वारा की तरफ जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने तत्काल उस स्थान पर घेराबंदी का रेड की कार्यवाही की।

जिसमें आरोपी साजल जैसवाल को मोटर साईकल एवं अवैध शराब की दो पेटियों सहित पकड़ लिया गया। इस दौरान मोटर साईकल में पीछे बैठा व्यक्ति भाग में सफल रहा। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी से अवैध शराब के संबंध में पूछताछ की। जिस पर आरोपी द्वारा शराब को बड़वारा की तरफले जाकर बेचने के बारे में बताया गया। साथ ही स्वयं के घर पर भी अवैध शराब की पेटियां रखे होने की जानकारी भी दी। इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी थाना प्रभारी बड़वारा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद जारी निर्देशों के तहत बड़वारा टीआई द्वारा अधीनस्थ अमले के साथ आरोपी के घर पर रेड की कार्यवाही की गई। जिसमें 48 कार्टून में रखी प्लेन अवैध मदिरा मौके पर ही जप्त कर सीलबंद किया गया। कुल 50 पेटी (450 लीटर) अवैध शराब कीमत करीब 2 लाख 50 हजार रुपये की जप्त कर आरोपी और मोटर साईकल को थाने लाया गया। जहां संबंधितों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बड़वारा रोहित डोंगर सहित उप निरीक्षक एल.पी. विश्वकर्मा, सहायक उप निरीक्षक अवध भूषण दुबे, रवि शुक्ला, प्रधान आरक्षक रमेश सिंह, आरक्षक सत्येन्द्र सिंह, आरक्षक नंदकिशोर पटेल, आरक्षक सुशील दुबे, आरक्षक अभय यादव, सैनिक सुरेन्द्र सिंह शामिल रहे।



# शहर में गहराया पेयजल संकट

## एक बाल्टी पानी के लिए मशक्कत करना पड़ रही लोगों

### भट्ठा मोहल्ला क्षेत्र में सबसे ज्यादा परेशानी

कटनी। शहर में अब पेयजल संकट गहराने लगा है। लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए मशक्कत करना पड़ रही है। आलम यह है कि सुबह से लेकर शाम तक लोग बर्तन लेकर नलों के पास ही बैठे रहते हैं लेकिन उन्हें पानी नहीं मिलता। शहर में पिछले कई महीने से एक ही टाइम सुबह के समय जलापूर्ति की जा रही है, उसमे भी नगर निगम कटौती कर रहा है। जलसंकट से निपटने के लिए नगर निगम के अधिकारियों द्वारा कोई वैकल्पिक इंतजाम नहीं किए जाने का खामियाजा शहर की दो लाख से ज्यादा आबादी को भोगना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशान इस समय भट्ठा मोहल्ला क्षेत्र के नागरिक हैं। भट्ठा मोहल्ला के अंतर्गत आने वाले रामनिवास सिंह वार्ड, वंशस्वरूप वार्ड, कावसजी वार्ड के लोगों का कहना है कि नगर निगम द्वारा यहां काफी समय से एक ही समय पर जलापूर्ति की जा रही है। सुबह के समय करबी 40 मिनट के लिए नल आता है लेकिन इसकी रफ्तार इतनी धीमी रहती है कि मोहल्ले के सभी लोगों को पानी नहीं मिल पाता। क्षेत्र के नागरिकों द्वारा नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत किए जाने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कोरोना संक्रमण के चलते इस समय लॉकडाउन लागू है और लोग अपने घरों में है, इसके बावजूद नगर निगम द्वारा इस क्षेत्र की समस्या को हल करने की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# कोरोना संक्रमण से आज फिर राहत, 70 नए पॉजीटिव केस, 125 स्वस्थ, 3 मौतें

**कटनी।** जिले में आज फिर कोरोना संक्रमण से राहत मिली है। पिछले 24 घंटे में 70 नए पॉजीटिव केस सामने आए हैं। सीएमएचओ के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक जिले में अब कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 8769 हो गई है। इसी तरह पिछले 24 घंटे में 125 मरीजों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है। इस तरह अब तक 7601 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक 3 मरीजों की मौतें भी हुई हैं। मई के महीने में यह चौथी बार है, जब 100 से कम पॉजीटिव केस मिले हैं। राहत के बीच जिले में ब्लैक फंगस का भी खतरा बना हुआ है। इससे निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा भी अलर्ट जारी किया गया है। सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला चिकित्सालय में 20 बिस्तर तैयार किए गए हैं।


श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध — डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध — डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB, कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV, पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई, त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM., मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM., हृदय रोग विशेषज्ञ, महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग | हेल्पलाईन नं.8982275111 | उपलब्ध सुविधायें
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था











स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)